मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांक:**20.03.2025**

थाना राजगढ़ पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 15-15 हजार के 02 ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सोमेन बर्मा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांक **20.03.2025** को थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-**13/2025** धारा **3(1)** उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित ₹ **15-15** हजार के **02** ईनामियां वांछित अभियुक्त **1.** रितेश श्रीवास्तव पुत्र राघवलाल श्रीवास्तव निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर व **2.** शेरू श्रीवास्तव पुत्र राघवलाल श्रीवास्तव निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. रितेश श्रीवास्तव पुत्र राघवलाल श्रीवास्तव निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

2. शेरू श्रीवास्तव पुत्र राघवलाल श्रीवास्तव निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-**13/2025** धारा **3(1)** उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष महेन्द्र पटेल मय पुलिस टीम थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।